ब्लूमबर्ग का न्यू इकोनॉमी ग्लोबल सर्वे

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-china-to-overtake-us-in-tech-innovation

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जारी ब्लूमबर्ग के **न्यू इकोनॉमी ग्लोबल सर्वे (New Economy Global Survey)** के अनुसार, वर्ष 2035 तक भारत और चीन विश्व के तकनीकी नवाचार केंद्र के रूप में अमेरिका से आगे निकल जाएंगे।

प्रमुख बिंदु:

- सर्वे में भाग लेने वाले अधिकतर एशियाई लोगों का यह मानना है कि वर्ष 2035 तक एशिया में सेल्फ ड्राइविंग कार, व्यक्तिगत मोटरकार से भी सामान्य हो जाएगी।
- सर्वे में भाग लेने वाले 39 प्रतिशत लोगों का मानना है कि चीन की राजधानी बीजिंग वर्ष 2035 तक तकनीक के मामले में सबसे शीर्ष पर होगी।
- इसके अतिरिक्त सर्वे के अनुसार, विश्व के अधिकतर लोगों ने यह माना है कि यदि विश्व में आगे कोई भी विश्व युद्ध होता है तो वह साइबर युद्ध होगा।
- भाग लेने वाले 52 प्रतिशत लोगों का मानना है कि इसी अवधि में (वर्ष 2035 तक) विश्व की दस शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में नकद का प्रचलन पूर्णतः समाप्त हो जाएगा।
- सर्वे से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार 'सर्वे से यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में कई बदलाव हो रहे हैं और विश्व का आर्थिक गुरुत्वाकर्षण पश्चिम से पूर्व की ओर तथा उत्तर से दक्षिण की ओर करवट ले रहा है।

न्यू इकोनॉमी ग्लोबल सर्वे

(New Economy Global Survey)

- यह एक ऑनलाइन सर्वे है जिसे ब्लूमबर्ग नामक कंपनी द्वारा आयोजित किया गया था।
- ब्लूमबर्ग द्वारा यह सर्वेक्षण 20 बाज़ारों के 2000 व्यावसायिक पेशेवरों के मध्य किया गया था।
- इस सर्वे में उन लोगों को शामिल किया गया था जिनकी आयु 30 से 65 वर्षों के बीच है और जो पूर्णकालिक रोज़गार में कार्यरत हैं।
- इस सर्वे के अंतर्गत लोगों से किसी एक विशिष्ट विषय पर उनकी सहमति या असहमति के बारे में पूछा गया था।

स्रोत: द हिंदू